18 फरवरी 2010 सहयोग राशि रु. 100/- वार्षिक अंक-314

☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय० महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल) पाय० एल० सी० अरोड़ा (अवैतनिक)

Pioneerism, A commitment to Humanity

## मदद जरूरतमंद को ही दें : अरोड़ा

- गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य का कार्य नहीं
- मेडिकल चेकअप कैंप ही न लगाएं, अपितु दवा की व्यवस्था भी क्लब की ओर से हो

हापुड़ (साभार दैनिक जागरण)। इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एलसी अरोरा ने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है। हमें यह बात भी ध्यान में रखनी होगी कि मदद जरूरतमंदों को ही दें। हम ज्यादा से ज्यादा मेडिकल चेकअप कैंप ही न लगाएं, अपितु दवा की व्यवस्था भी क्लब की ओर से की जाए। गरीब बच्चों की शिक्षा के प्रबंध पर भी ध्यान देना होगा।



बैठक को संबोधित करते संस्थापक संतोष मेहरोत्रा

वह इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब हापुड़ आस्था के तत्वावधान में यहां आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। सम्मेलन में विभिन्न प्रांत व शहरों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा तथा संचालन पायनियर्स साहित्य ललित कला मंच के सचिव महावीर वर्मा मधुर ने किया। आस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की। आयोजक पंकज अग्रवाल ने माल्यार्पण करके पदाधिकारियों का स्वागत किया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मानित करते पाय. अजय कंसल व अनिल बाजपेयी

राष्ट्रीय उप महासचिव अनिल बाजपेयी ने कहा कि पायनियर्स क्लब आस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल महिला पायनियर्स की अध्यक्ष शालू गोयल क्लब को कुशल नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। साहित्य ललित कला मंच के अध्यक्ष अविनाश कक्कर अपनी टीम के सहयोग से समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। महिला



संस्थापक को सम्मानित करते पाय. अतुल शर्मा व अनिल बाजपेयी



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं महिला पायनियर्स के सदस्य

सशक्तिकरण की राष्ट्रीय निदेशक आराधना बाजपेयी ने कहा कि हम सभी प्रण कर लें कि केवल एक रुपया ही प्रतिदिन जरूरतमंदों के लिए कोष संचित करें, तो भी हम कुछ हद तक उनकी सहायता कर सकते हैं।



बैठक को संबोधित करते पाय. अनिल बाजपेयी

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल शर्मा व केपी सिंह ने कहा कि पायनियर्स के कार्यों से प्रेरित होकर कानपुर, पूना व शाहजहांपुर में भी शाखाएं खुली हैं।

इस अवसर पर शालू गोयल, ललित गोयल, अर्चना कंसल, शिखा गर्ग, बेबी जिंदल, डॉली सिंघल, दीपाली कंसल, अरुण यादव, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, लोकेश, डॉ. राजेश्वर, अविनाश कक्कर, महावीर वर्मा, अजय कंसल व सुनील उपस्थित थे।

*महावीर वर्मा 'मधुर'*

# पायनियर साहित्य एवं ललित कला मंच, हापुड़

## दिसम्बर 2009 की मासिक बैठक की रिपोर्ट

पायनियर साहित्य एवं ललित कला मंच हापुड़ की मासिक बैठे पा. विपिन जिन्दल एवं श्रीमती अलका जिन्दल की मेजबानी में हुई। इस मिटिंग में डा. प्रेमलता तिवारी एवं डा. गिरीश तिवारी जी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। डा. प्रेमलता तिवारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं अतः इन्होंने स्त्रियों को स्वास्थ्य रहने के टिप्स दिये।

उन्होंने कहा कि यदि स्त्री (गृहणी) का स्वास्थ्य ठीक होगा तो घर के अन्य सदस्यों का स्वास्थ्य अपने आप ही ठीक रहेगा। क्योंकि परिवार के सभी सदस्यों के खानपान की जिम्मेदारी गृहणी के कंधों पर ही होता है। अतः स्त्रियों को अपने खानपान पर पूरा ध्यान देना चाहिए। छोटी-छोटी बिमारियों को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसी क्रम में डा. गिरीश तिवारी जी कि पूर्व में पल्स पोलियो अभियान के इन्चार्ज रह चुके हैं, ने बताया कि सभी छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप्स अवश्य पिलायें। बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं अतः सभी माता-पिता का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें।

बैठक में विशिष्ठ अतिथि के रूप में लायन्स क्लब (ग्रेटर) भी मौजूद थे। इनके अतिरिक्त श्री तरूण गर्ग जो कि गोवर्धन पूजा महोत्सव हापुड़ के इंचार्ज हैं भी उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न प्रतियोगितायें हुई, जिसमें सदस्यों ने इनाम जीते। जेन्ट्स में पाय. नीरज गर्ग, महिलाओं में श्रीमती मनीषा गर्ग तथा पाय. सुनील अग्रवाल और बच्चों में प्राची और विनय विजयी रहे।

अन्त में अध्यक्ष अविनाश बब्बर ने सबका धन्यवाद किया। पाय. महावीर वर्मा 'मधुर' ने अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट किये। सभा में पाय. बिशन सक्सेना, अजय बंसल, सुनील कुमार, नरेन्द्र गर्ग, मिथलेश गर्ग, पाय. भूपेन्द्र सिंह, उषा बब्बर, मधु वर्मा, मंजू आदि उपस्थित थे।

*महावीर वर्मा 'मधुर'*

# लोहड़ी कार्यक्रम सम्पन्न

दिनांक 16-1-2010 के लिए इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, मुरादाबाद की माह जनवरी की मनोरंजक सभा का आयोजन लोहड़ी, हंगामा के रूप में मैसोनिक लॉज में किया गया। सभा का संचालन पाय. प्रमोद ग्रोवर व श्रीमती सुनीता ग्रोवर द्वारा किया गया। सभा की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष, पाय. कमल प्रकाश रस्तौगी ने की। इस सभा में समयबद्धता पुरस्कार पाय. अशोक तोमर जी ने जीता, सचिव राजीव भारद्वाज ने सभी का स्वागत किया व नववर्ष एवं लोहड़ी की बधाई दी। एक पेपर गेम कराया गया जिसमें श्रीमती ज्योति सोती प्रथम, पाय. संदीप रस्तौगी द्वितीय, पाय. पवन गुप्ता तृतीय रहें। हाउजी में पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. एमसी गुप्ता, निशा भारद्वाज, श्रीमती रीता तोमर, संगीता लालवानी, वर्द्धता बाली ने बाजी मारी।

इसके पश्चात् लोहड़ी का पूजन किया गया एवं सभी सदस्यों ने ढोल पर नृत्य किया एवं मूंगफली, रेवड़ी का प्रसाद वितरण किया। जिन लोगों की इस माह विवाह वर्षगांठ थी उन्हें क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तौगी ने बधाई व पुरस्कार दिये। राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा जी द्वारा सभा संचालक पाय. प्रमोद ग्रोवर को उपहार दिया गया।

अन्त में सभा समाप्ति पर क्लब अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया एवं सभी लोगों ने रात्रि भोज का आनन्द लिया।

इस अवसर पर पाय. अंशुल शर्मा, पाय. योगेश रस्तौगी, पाय. जेके बाली, पाय. एचएन सक्सेना, पाय. एससी अरोरा, पाय. अरविन्द अग्रवाल (सीए), पाय. अंकुर रस्तौगी, पाय. अभिषेक भारद्वाज एवं पाय. मुकेश लालवानी आदि उपस्थित थे।

*राजीव भारद्वाज (सचिव)*

# नववर्ष 2010 की शुभकामनाऐं

मैं 'पायनियर चेतना' के सह-सम्पादक के नाते, अपने सभी पाठकों, इंटरनेशनल पायनियर क्लब की सभी शाखाओं के सभी सदस्यों, भूतपूर्व पायनियर्स पदाधिकारियों, हमारे संरक्षक और प्रणेता पाय. संतोष कुमार मेहरोत्रा जी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा जी, राष्ट्रीय महासचिव पाय. डा. धनेश्वरी घिल्डियाल जी, कोषपाल पाय. बीडी पाण्डे जी और अन्य वह सभी जो इंटरनेशनल पायनियर्स से किसी भी रूप से जुड़े हैं, उन सभी को नववर्ष 2010 की हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ।

जीवन में खुशियाँ बढ़े, बढ़े प्यार और हर्ष।<br>
मंगलमय हो आपको, आने वाला वर्ष।।

साथ ही सभी पायनियर्स से अपील करता हूँ कि अपनी इस पत्रिका को आर्थिक सहयोग देकर इसे और आकर्षण बनाने में हमारा सहयोग करें। सहयोग राशि रु. 100/- मात्र (वार्षिक) प्रति सदस्य की दर से, सभी शाखाओं से भिजवाने का अनुरोध करता हूँ।

धन्यवाद!

*महावीर वर्मा 'मधुर' (सह सम्पादक)*<br>
*मो. : 9927862727*

# शादी की वर्षगांठ पर शुभकामनाऐं

## पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच हापुड़

| | | |
|---|---|---|
| पाय. अजय कुमार बंसल | श्रीमती रजनी बंसल | 17 जनवरी |
| पाय. अनिल वाजपेयी | श्रीमती आराधना वाजपेयी | 03 फरवरी |
| पाय. महावीर वर्मा 'मधुर' | श्रीमती मधु वर्मा | 07 फरवरी |
| पाय. सुनील कुमार | श्रीमती वीरबाला | 08 फरवरी |
| पाय. अविनाश बब्बर | श्रीमती उषा बब्बर | 18 फरवरी |
| पाय. राजेश्वर सिंह | श्रीमती राजकुमारी वर्मा | 27 फरवरी |

# शोक संवेदना

सिने अभिनेता निर्मल पाण्डे के असामयिक निधन पर सम्पूर्ण पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदना व्यक्त करते हैं। परमपिता परमेश्वर से



उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं।

निर्मल पाण्डे के निधन से कला जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। श्री पाण्डे एक उत्कृष्ट कलाकार के रूप में युगमंच, नैनीताल के साथ इंटरनेशनल पायनियर्स की अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता में पुरूस्कृत हो चुके हैं। श्री निर्मल पाण्डे उत्तराखण्ड के उभरते कलाकार थे तथा रंगकर्मियों को उनसे बहुत आशायें थी।

# प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित



11 फरवरी 2010, हापुड़। महिला पायनियर्स क्लब हापुड़ के तत्वावधान में यहाँ बैम्बू ग्रोव स्कूल में आयोजित एक समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू त्यागी ने कहा कि महिला पायनियर्स क्लब प्रतियोगिताओं को आयोजित करके प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत करके बहुत ही प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

श्रीमती त्यागी ने महिला सशक्तीकरण की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती आराधना वाजपेयी तथा नगर अध्यक्ष श्रीमती शालू गोयल की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्लब को कुशल मार्गदर्शन इन पदाधिकारियों से मिल रहा है। यही वजह है कि क्लब नित नए आयामों को छू रहा है।

क्लब की अध्यक्ष शालू गोयल ने कहा कि प्रतियोगिताओं से छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती हैं। यदि उन्हें इस प्रकार पुरस्कृत किया जाए तो वे आगे भविष्य में देश को व समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं। बच्चे ही देश के कर्णधार बनते हैं। वे देश का भविष्य हैं। उनको प्रोत्साहित करना जरूरी है।

सचिव दीपाली कंसल ने कहा गत दिनों गरीब बच्चों को वस्त्र वितरण तथा स्कूलों में पंखे आदि प्रदान इसीलिए किए गए ताकि एक अनुकूल वातावरण उत्पन्न हो।

इस अवसर पर राष्ट्रीय निदेशक आराधना वाजपेयी, शालू गोयल, कुसुम गोयल, पूनम कर्णवाल, प्रमिला अग्रवाल, अर्चना कंसल, बेबी जिंदल, डौली सिंहल, मीनू गोयल, ममता कंसल, उर्मिला शर्मा, नीना अग्रवाल, पारूल अग्रवाल, रेखा सिंह, सपना छाबड़ा, संतोष शर्मा, सीमा गोयल, सुषमा खन्ना, छाया अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, शिखा गर्ग, सीमा जिंदल आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# एक पाती महिलाओं के नाम



मैं अपनी सभी पायनियर्स शाखाओं की सदस्यों से अनुरोध करती हूँ कि वे समाज में अपना सहयोग देने के लिये आगे आयें। नारी आदिशक्ति है। नारी समाज की वह धुरी है जो चाहे तो समाज की दिशा बदल सकती है। आज जिस तरह से हमारी भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का अतिक्रमण हो रहा है वह समाज के लिए घातक है उसे दूर करके भारतीय संस्कृति के प्रचार व प्रसार के लिए प्रत्येक भारतीय नारी को आगे आना होगा क्योंकि नारी एक माँ के रूप में अपने बच्चों में अपने देश के लिए प्रेम एवं अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए सम्मान की भावना का संप्रेषण कर सकती है। आज की नारी को आर्थिक एवं मानसिक तौर पर मजबूत होना बहुत जरूरी है।


पायनियर बहनों, नारी का काम सिर्फ घर की चहार दीवारी तक ही सीमित नहीं है। देश व समाज को उसकी आवश्यकता है। यदि हम नारी के गौरवपूर्ण इतिहास को देखें तो महसूस करेंगे कि सदैव ही समाज के लिए नारी का योगदान अतुलनीय रहा है। चाहे वह रानी लक्ष्मीबाई के रूप में हो या महादेवी वर्मा, इन्दिरा गाँधी, कल्पना चावला व किरण बेदी के रूप में, हर क्षेत्र में नारी ने सफलता के परम उत्कर्ष को प्राप्त किया है। पायनियर बहनों आपके अन्दर जो प्रतिभाएँ हैं जो समाज को एक नवीन दिशा दे सकती हैं। आप आगे बढ़कर एक-दूसरे का हाथ थामकर तो देखें हर कड़ी दूसरी कड़ी को मजबूत करती चली जाएगी। हापुड़ में बीस से भी अधिक महिलाएँ समाज के लिए कार्य कर रही हैं। आप भी अपने थोड़े से योगदान के द्वारा उन महिलाओं और बच्चों के लिए सहारा बन सकती है जिनके पास साधनों की कमी है।

अंत में एक बार फिर मैं सभी महिला पायनियर्स से आग्रह करती हूँ कि वे अगर एक कदम आगे बढ़ाएँगे तो दस कदम उनके साथ आगे बढ़ेंगे। मेरा सहयोग उनके साथ हमेशा रहेगा।

इसके साथ-साथ मेरा सभी शाखाओं के अध्यक्षों से अनुरोध है कि महिला पायनियर्स की कम से कम एक शाखा अवश्य खोलें।

*आराधना वाजपेयी, राष्ट्रीय निदेशक (महिला सशक्तीकरण) सदस्य, शाखा हापुड़*

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का पत्र
## होली की शुभकामनायें



सम्मानित पायनियर बन्धुगण,

"होली की बहुत-बहुत शुभकामनायें"
जीवन में खुशियां बढ़े और बढ़े प्यार।
मंगलमय हो आपको, रंगों का यह त्यौहार।।

होली का यह त्यौहार आपको तथा आपके परिवार के सदस्यों के लिए सुख सम्पन्नता, हर्षोल्लास एवं सभी प्रकार की रंग बिरंगी खुशियां लेकर आये।

रविवार दिनांक 07 फरवरी 2010 को होटल 'सिटी हार्ट' हापुड़ में सम्पन्न हुयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के सफल आयोजन हेतु पायनियर क्लब 'आस्था' एवं 'ललित कला मंच' हापुड़ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई। विशेष रूप से हापुड़ की महिला पायनियर द्वारा सभा में उनके द्वारा दिये गये अमूल्य समय एवं योगदान के लिये पूरी राष्ट्रीय कार्यकारिणी आभार व्यक्त करती है।

सभा में उपस्थित विभिन्न शाखा अध्यक्षों/सचिवों की प्रगति रिपोर्ट देखने एवं पायनियर चेतना में प्रकाशित होने वाली विभिन्न शाखाओं के प्रोजेक्ट्स के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि कुछ शाखायें तो अच्छा कार्य कर रही हैं परन्तु दिल्ली शाखा, रामनगर शाखा एवं गाजियाबाद शाखा द्वारा किये जा रहे कार्यों को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। मेरा पाय. अरुण यादव एवं पाय. केपी सिंह जी विशेष अनुरोध है कि वह अपने व्यक्तिगत प्रभावों का प्रयोग करते हुए हापुड़ मुख्य शाखा को पुनर्जीवित कराने का प्रयास करें।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक की विधिवत सूचना जारी होने के पश्चात् भी कई पदाधिकारी बैठक से अनुपस्थित रहे। इसका अभिप्राय यह है कि ऐसे लोग अपने दायित्वों का सही से निर्वाहन नहीं कर रहे हैं। मेरा सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वह भविष्य में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अवश्य भाग लें और यदि किसी विशेष कारणवश बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ है तो उन्हें राष्ट्रीय महासचिव एवं आयोजक को पूर्व में ही लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। जो पदाधिकारी लगातार दो बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से बिना लिखित सूचना दिये अनुपस्थित रहेंगे उनके विरुद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जा सकती है। पाय. केपी सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा आगामी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अपने यहाँ (गाजियाबाद) में आयोजित कराने की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

शाहजहाँपुर व कानपुर शाखा के अध्यक्ष/सचिव से विशेष अनुरोध है कि वह शीघ्र अपनी-अपनी शाखाओं का विधिवत अधिष्ठापन सम्पन्न करायें व अधिक से अधिक प्रोजेक्ट कराके बैस्ट शाखा की दौड़ में शामिल हों।

पुनः होली की शुभकामनाओं सहित।

*पाय. तुलसी अरोरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष)*

# सदस्य पायनियर्स क्लब दिल्ली ईस्ट एवं महिला पायनियर



पाय. कर्मवीर तायल
श्रीमती उमा तायल
पता: 208 ए/1, बी.एन.नगर
गलि नं.9, शाहदरा, दिल्ली



पाय. संजय जिंदल
(निर्देश मण्डल)
पाय. रितु जिंदल



पाय. सुरेन्द्र गुप्ता (लोनी वाले)
(उपप्रधान)
पाय. रेखा गुप्ता



पाय. राजेन्द्र मोहन मित्तल
(निर्देशक)
पाय. शालनी मित्तल



पाय. डा- एके गुप्ता
(महामंत्री)



पाय. सतीश गुप्ता सर्राफ
(निर्देशक)
पाय. सविता गुप्ता



पाय. अजय कुमार
(चिरोड़ी वाले)
(प्रधान)
पाय. अंजुला रानी



पाय. प्रदीप अग्रवाल
(उपप्रधान)
पाय. दीपा अग्रवाल



पाय. सुशील कुमार गर्ग
(कोषाध्यक्ष)
पाय. विनीता गुप्ता



पाय. नीलकमल गुप्ता
(चेयरमैन)
पाय. शशि गुप्ता



पाय. सुनील जायसवाल
(उपप्रधान)
श्रीमती नीलम जायसवाल



पाय. सुनील सर्राफ
(प्रचार सचिव)
पाय. मीना गुप्ता



पाय. अशोक गोयल
(संगठन मंत्री)
पाय. निशा गुप्ता



पाय. संजय गुप्ता
(सहसचिव)
पाय. विनीता गुप्ता

# महिला पायनियर्स क्लब शाहजहाँपुर के सदस्य



सदस्यता क्रमांक-311 (आजीवन)
नाम : पाय. सुनिता गर्ग
पत्नी श्री पाय. ललित कुमार गर्ग
पता : 'श्रीकुंज' टाउन हॉल रोड,
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)
मो- : 9415010025, 9838106301



सदस्यता क्रमांक- 316 (आजीवन)
नाम : पाय. मोना खन्ना
पत्नी पाय. दिलीप कुमार खन्ना
पता : पाती गली, चौक
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 317 (आजीवन)
नाम : पाय. जया निझावन
पत्नी पाय. भवनेश निझावन
पता : 360, आवास विकास कॉलोनी
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 2189
नाम : पाय. नजिस जावेद
पत्नी पाय. जावेद अहमद
पता : 'जावेद क्लिनिक' तरीन बहादुरगंज
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 312 (आजीवन)
नाम : पाय. नीलम अरोरा
पत्नी पाय. सुरेश कुमार अरोरा
पता : 109, रामनगर कॉलोनी,
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक-315 (आजीवन)
नाम : पाय. अल्का अरोरा
पत्नी पाय. अतुल अरोरा
पता : 64, तरीन बहादुरगंज
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक-2191
नाम : पाय. सोनाली टण्डन
पत्नी पाय. विनित कुमार टण्डन
पता : श्रीराम विनित कुमार (ज्वैलर्स)
मोती चौक, शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 313 (आजीवन)
नाम : पाय. रेनू अरोरा
पत्नी पाय. राजीव अरोरा
पता : मै. प्रकाश स्टोर्स, सदर बाजार
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 314 (आजीवन)
नाम : पाय. मीरा त्रिवेदी
पत्नी पाय. उमानाथ त्रिवेदी
पता : कटियातला
शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 2190
नाम : पाय. राजेन्द्र कौर बजाज
पत्नी पाय. राजेन्द्र सिंह बजाज
पता : श्रीनागर साड़ी केन्द्र, 1 फ्लोर
बजाज भवन, शाहजहाँपुर (उ.प्र.)



सदस्यता क्रमांक- 319 (आजीवन)
नाम : पाय. सुनिता गुप्ता
पत्नी पाय. तेजवीर गुप्ता
पता : रामा मेडिकल स्टोर्स
सदर बाजार, शाहजहाँपुर (उ.प्र.)

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब ईस्ट दिल्ली द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्तदान किया गया

इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ईस्ट दिल्ली द्वारा छठवाँ रक्तदान शिविर का उद्घाटन दिल्ली के महापौर माननीय डा. कँवर सैन जी के कर-कमलों द्वारा दिनांक 2 फरवरी 2010 को महाराजा अग्रसेन चौक, अनाज मण्डी, शाहदरा में सम्पन्न हुआ। मंच संचालन पाय. सुरेन्द्र गुप्ता (लोनी वाले) ने किया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. नरेन्द्र नाथ, अध्यक्ष (यमुनापार विकास बोर्ड) श्री जयभगवान गोयल, अध्यक्ष (राष्ट्रवादी सेना) श्री निर्मल जैन (निगम पार्षद), श्री जितेन्द्र सिंह शन्टी (निगम पार्षद), बहन प्रीति (निगम पार्षद), श्री संजय गोयल (प्रमुख समाज सेवी), श्री रवि बंसल (पूर्व निगम पार्षद) एवं इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब दिल्ली के चेयरमैन पाय. रमेश यादव, अध्यक्ष पाय. अशोक सर्राफ तथा महामंत्री जय गोपाल गुप्ता उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में ब्लड बैंक ऑर्गनाइजेशन, पूसा रोड व जीटीबी अस्पताल को 200 यूनिट (ब्लड) रक्त दान किया गया जिसमें पायनियर्स क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों का पूर्ण योगदान रहा।

*पाय. सुरेन्द्र गुप्ता (लोनी वाले) संयोजक, पाय. संजय जिंदल, पाय. राजेन्द्र मित्तल*



रजिस्ट्रेशन करते हुए चेयरमैन नीलकमल गुप्ता साथ में कोषाध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग



आयोजन स्थल का दृश्य




मंच संचालन करते हुए उपप्रधान (संयोजक) श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता (लोनी वाले) एवं सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण



रक्तदान करते हुए रक्तदाता के साथ क्लब के महामंत्री डा.ए.के. गुप्ता व ब्लड बैंक टी के डॉक्टर



रक्तदान करने के लिए जाते हुए निगम पार्षद श्री निर्मल जैन साथ में निर्देशिका मण्डल सदस्य श्री कर्मवीर तायल जी

## गरीबों को ऊनी वस्त्र बांटे

दिनांक 14-1-2010 को इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब, मुरादाबाद की तरफ से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिला अस्पताल, कपूर कम्पनी पुल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड पर गरीब एवं असहाय लोगों को कम्बल, शॉल, स्वेटर एवं ऊनी कपड़े बांटे।

इसमें पाय. एलसी अरोरा, पाय. कमल प्रकाश रस्तौगी, पाय. राजीव भारद्वाज, पाय. योगेश रस्तौगी, पाय. जेके बाली, पाय एचएन धवन, पाय. अंशुल शर्मा, पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. एमसी गुप्ता, पाय. अरविन्द अग्रवाल (सीए) आदि का विशेष सहयोग रहा।

*राजीव भारद्वाज (सचिव)*

## भारत का अन्तर्राष्ट्रीय क्लब

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें**

विश्व बन्धुत्व,
वसुधैव कुटुम्बकम्
के
अन्तर्गत नेतृत्व के
उचित अवसर
पारिवारिक मनोरंजन फैलोशिप,
निःस्वार्थ समाज सेवा

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968 ☎: 05947-252841
मो0 : 9897122394

**इन्टरनेशनल पायनियर्स**

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
website : www.internationalpioneers.com
राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

## शोक संवेदना

इंटरनेशनल पायनियर्स प्रधान कार्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी जे.के. बाली के पूज्य पिता स्व. श्री आर.बाली के निधन पर सम्पूर्ण पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदना व्यक्त करते हैं। परमात्मा उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें। ओम शान्ति।

इंटरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. केशव शिवहरे की पूज्य माता जी के निधन पर सम्पूर्ण पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदना व्यक्त करते हैं। परमपिता परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

ओम शान्ति! ओम शान्ति! ओम शान्ति!

इंटरनेशनल पायनियर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पाय. के.पी. सिंह के पूज्य पिता के आकस्मिक निधन पर सम्पूर्ण पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदना व्यक्त करते हैं। परमपिता परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## गरीब एवं जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण



रामनगर। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब रामनगर शाखा ने गरीब एवं जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण किये। पायनियर्स सदस्यों ने रामनगर सेवा समिति भवन में एकत्र होकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया। तत्पश्चात् उपजिलाधिकारी रामनगर की उपस्थिति में रामनगर शहर एवं देहात के 61 स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये।

शहर के गणमान्य नागरिक एवं स्वतंत्रता सैनानियों के सम्मुख रामनगर पायनियर्स के सचिव राकेश अग्रवाल ने पायनियरवाद पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित जनता से पायनियर्स क्लब द्वारा समाज के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के बाद सभी पायनियर संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किये।

## आभार

पाय. आशीष अग्रवाल जी,

दिनांक 7 फरवरी 2010 को होटल सिटी 'सिटी हार्ट' हापुड़ में सम्पन्न हुयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के सफल आयोजन के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से एवं पूरी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ओर से आपको व आपकी पूरी टीम को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। आप लोगों द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं बाहर से आये अन्य सदस्यों का जो आदर-सम्मान किया गया तथा जलपान व स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई उसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं।

विशेष रूप से महिला पायनियर्स द्वारा सभा में उनके द्वारा दिये गये अमूल्य समय एवं योगदान के लिए भी आभार व्यक्त करता हूँ। कृपया मेरी इन भावनाओं से हापुड़ 'आस्था' एवं 'ललित कला मंच' के सभी पदाधिकारियों को अवगत करा दें।

शुभकामनाओं सहित।

एलसी अरोरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष)

दिनांक :18 फरवरी 2010
समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL01/08/2009 से 2011

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## महिला पायनियर्स क्लब हापुड




पाय. आराधना बाजपेयी (रा. निदेशक)
पति श्री अनिल बाजपेयी (राष्ट्रीय उपमहासचिव)
जवाहरगंज, हापुड, मो. : 9837475346



पाय. शालू गोयल (अध्यक्ष)
पति श्री ललित गोयल
हापुड, मो. : 9219299832

पाय. दीपाली कंसल (सचिव)
पति श्री संजय कंसल
पक्का बाग, हापुड



पाय. अर्चना कंसल (मो. : 9897153714)
पति श्री सुनील कंसल
37 गोल्डन फर्नीचर, माता मौहल्ला, हापुड



पाय. कुसुम गोयल (पूर्व अध्यक्ष)
पति श्री नन्दकिशोर गोयल
114 जवाहर गंज, हापुड



श्रीमती डौली सिंहल (पूर्व अध्यक्ष)
पति श्री अनुज कुमार
222 मण्डी पक्का बाग, हापुड, मो. 9411953959



श्रीमती बेबी जिन्दल
पति श्री राकेश जिन्दल



श्रीमती उर्मिला शर्मा (मो. 9412824884)
पति श्री सुनील शर्मा
112, न्यू आर्य नगर, हापुड



डा. सीमा जिन्दल
1139 पटेल नगर, रेलवे रोड
हापुड



पाय. ममता कंसल (मो. : 9259196734)
पति श्री मोहन लाल कंसल
70 गांधीगंज, सर्वाफ़ा, हापुड



पाय. सीमा गोयल
पति डॉ. रविन्द्र गोयल
2/201, न्यू शिवपुरी
निकट भूमि विकास बैंक, हापुड




पाय. सुषमा खन्ना
पति श्री हरीश खन्ना
1227, न्यू शिवपुरी
भूमि विकास बैंक, हापुड



पाय. शिखा गर्ग (मो. 9997280469)
पति श्री संजीव कुमार
554, राधापुरी, रेलवे रोड
जैना टॉकीज के पीछे, हापुड



पाय. मीनू रानी
5-माता मौहल्ला
हापुड



पाय. नीना अग्रवाल
पति श्री संजय अग्रवाल
1358 न्यू शिवपुरी, निकट पीर, हापुड



पाय. रेखा सिंह (मो. : 9897030471)
पति डॉ. राजेश्वर सिंह (पाय.साहित्य)
न्यू शिवपुरी, निकट भूमि विकास बैंक, हापुड

पाय. प्रमिला अग्रवाल (पाय. आस्था)
पति श्री पंकज अग्रवाल
न्यू आर्य नगर, हापुड



पाय. संतोष शर्मा
पति श्री पुष्पेन्द्र शर्मा
जवाहर गंज, हापुड